सुनकर श्री कृष्ण का जन्म

सुनकर श्री कृष्ण का जन्म मिलन शिव शंकर आए हैं,
मिलन शिव शंकर आए हैं, मिलन भोले बाबा आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

सिर पर जटा, जटा में गंगा,
माथे पर सज रहो है चंदा,
नाग गले में लटकाए हैं, मिलन शिव शंकर आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

सुनकर टेर नंदरानी आई,
भरके थाल मोतियों के लाई,
द्वार पर जोगी आए हैं, मिलन शिव शंकर आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

ना चाहिए तेरा सोना चांदी,
ना चाहिए तेरे हीरे मोती,
लाल के दर्शन को आए हैं, मिलन शिव शंकर आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

या बाबा का रूप निराला,
इसे देख डर जाएगा मेरो लाला,
लाल निंद्रा में सोए हैं, मिलन शिव शंकर आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

जिसको कहती अपना लाला,
तीन लोग का है रखवाला,
जिसे आंचल में छुपाए है, मिलन शिव शंकर आए हैं,
सुनकर श्री कृष्ण का जन्म.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/28589/title/sunkar-shree-krishan-ka-janam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |